बरसात से अजमेर शहर में कई जगह हालात खराब, लोग घरों में कैद

स्कूल जाने के लिए बच्चों को कमर तक के पानी से निकलकर स्कूल जाना पड़ रहा है

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर में इन दिनों लगातार हो रही बरसात के कारण शहर के हालात बिगड़े हुए हैं तो वहीं दूसरी ओर अजमेर शहर के दक्षिण विधानसभा व पुष्कर विधानसभा के अजमेर में स्थित शक्तिनगर आम का तालाब में बरसात के पानी ने अपना कहर बरपा रखा है, जिसके कारण यहां के लोग अपने घरों में कैद हैं तो वहीं स्कूल जाने के लिए बच्चों को कमर तक के पानी से निकलकर स्कूल जाना पड रहा है।

वार्ड नम्बर 54 के स्थानीय पार्षद सुनिल धानका ने बताया कि शक्ति नगर वार्ड नम्बर 54 में कुल 6 मड पंप लगे हुए है, जिसमे से एक पंप एडीए का है तो वहीं 5 पंप नगर निगम की ओर लगाए हुए हैं, यह पंप भी दिन में दो-तीन घंटे तक ही चल पाते हैं, जिसके कारण पानी जितना निकलता नहीं उससे ज्यादा पानी यहां आ रहा है। पार्षद सुनिल धानका ने अजमेर नगर निगम के आयुक्त से मुलाकात कर आम के तालाब की मोरी खुलवाने पर भी बात की है, लेकिन अधिकारियों ने देर शाम तक कोई सुध नहीं ली। जिसके कारण पाल के आस-पास बने मकानों मे रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो इन लोगों तक तो कोई सरकारी मदद नहीं पहुंच पा रही है और न ही कोई खाद्य सामग्री। इस क्षेत्र मे अधिकतर लोग मजदूर तबके के रहने वाले हैं। दूसरी ओर शक्ति नगर में बीती रात जर्जर दीवार को निगम की जेईएन महिमा शर्मा ने जेसीबी बुलाकर गिरा दिया, अगर दीवार को नहीं गिराया जाता तो एक बडा हादसा भी हो सकता था।

अजमेर के शक्ति नगर की गलियों में पानी भरा होने से लोग घरों में कैद है।

- **अजमेर में बुधवार को आधे घंटे बरसात हुई जिससे फिर से पानी का भराव हो गया**

अजमेर में बुधवार दोपहर को आधे घंटे बरसात हुई जिसके कारण फिर से पानी का भराव हो गया है, पहले से बरसात के कारण शहर की कॉलोनियो व गलियो मे भरा पानी लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। शहर के कईं मार्गों में पानी भरा है और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कईं कॉलोनियों में भी पानी भरा है और लोग घरों में कैद है।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के शरीर पर चोटों के भी निशान मिले हैं। परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

प्रताप नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जवाहर नगर निवासी महेंद्रसिंह राजपूत की पत्नी बेबी कंवर (22) को मंगलवार दोपहर हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह प्रताप नगर पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने एमजी अस्पताल पहुंची। इस दौरान मृतका के भाई लाडपुरा हाल आजाद नगर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र शिव सिंह सौलंकी ने एक रिपोर्ट पुलिस को दी, जिसमें उसने बताया कि बेबी कंवर राठौड़ पुत्री शिव सिंह सौलंकी ने चार-पांच साल पहले महेन्द्र सिंह राठौड़ के साथ लव मैरिज की थी। तब से ही महेन्द्र सिंह के साथ रहकर पत्निधर्म का पालन कर रही थी। बेबी कंवर ने एक पुत्र युवराज सिंह को जन्म दिया, जो दो वर्ष का है। करीब 3 माह से वे जवाहर नगर में किराये के मकान में निवास कर रहे हैं। भाई कुलदीप का आरोप है कि महेन्द्र सिंह व उसकी बहिन मौनिका कंवर व बहनोई आये दिन बेबी कंवर को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। परिजनों को बेबी ने बताया था कि अगर महेन्द्र सिंह के साथ रहना है तो माता-पिता व भाई से पांच लाख रूपये लेकर आने की मांग की जा रही है। बेबी कंवर का पति महेन्द्र सिंह, उसकी बहिन मौनिका कंवर व बहनोई उसे आये दिन दहेज की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे, जिसकी पूर्व में भी करेड़ा थाने में रिपोर्ट दी गई थी। पहले बेबी कंवर के साथ मारपीट भी हुई थी।

भाई ने कहा कि नौ सितंबर को वह कोटा में था। तब दिन के करीब 1-2 बजे के लगभग उसे फोन आया कि बहन बेबी कंवर को जहर दिया गया है। उसकी हालत खराब होने से महात्मा गांधी अस्पताल भीलवाड़ा में भर्ती है। इस पर कुलदीप 10 सितंबर की रात करीब 10 बजे अस्पताल आया तो बेबी वेन्टीलेटर पर थी। उससे बात करने की कोशिश की लेकिन वह कुछ नहीं बोल पायी और रात करीब एक बजे उसकी जहर के कारण मौत हो गयी। कुलदीप का आरोप है कि उसकी बहन को आरोपितों ने दहेज के खातिर प्रताड़ित कर मारपीट की और जहर देकर मारा है, जिसकी पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

NAGAR NIGAM AJMER

No. R/NN-843117 Date : 11-09-2024

PUBLIC NOTICE

The licensee M/s/ Indus Tower Limited Jaipur (Particulars of Licensee) has submitted application in this office for granting permission for erection/ installation of telecom tower aboveground telegraph infrastructure on the land or building or location mentioned below :-

S. No.	Detail of Location (Name of village, City, Ward No. Street Name, Road Name etc.)	Detail of Plot No./ Building/Land/ Structure
1	At Open Land Near Master's Academy Ana Sagar Link Road, Ward No.-67, Ajmer	Latitude26.4736499 Longitude74.6332138 (IN-3290860)

Therefore, it is hereby informed to all concerned that if, any body has any objection or suggestion on granting permission for installation or establishment of above mentioned telecom infrastructure on the land/location above, he may submit objection or suggestion along with supporting documents before the undersigned during office hours on any working day within 7 days of the publication of this notice.

In absence of any objection/ suggestion within above stipulated time it any be deemed that nobody has objection/suggestion and matter will be disposed off accordingly.

Commissioner
Nagar Nigam Ajmer

कबड्डी के मैदान में छात्राओ ने दिखाया दम

अजमेर, (कासं)। शिक्षा विभाग 68वी जिला स्तरीय खेलकूद कबड्डी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन पीसांगन स्थित फ्यूचर फाउंडेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में किया जा रहा है ।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी के मैदान में छात्राओं ने दंम खम दिखाए और रोमांचक सेमीफाइनल देखने को मिला।फ्यूचर फाउंडेशन स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग की 15 टीम एवं 19 वर्ष आयु वर्ग की 15 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता में सिनोदिया, लाडपुरा, मांगलियावास, मकरेडा, रामनेर जी ढाणी, राज़ारेडी, खातोली, करकेडी, बृजपुरा, अराई, पिचौलिया, सामप्रोद, तिलोनिया, तबीजी, करनोस , रुदलाई, किशनगढ़, कायड, सुरसुरा, सराधना, नसीराबाद, हरमाडा, कडैल, जेठाना, अजयसर स्कुल की टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 17 वर्ष वर्ग में पहला सेमी फाइनल मैच ढेर की ढाणी व खतौली के बीच हुआ जिसमें ढेर की ढाणी विजेता रही । दूसरा मैच करकेड़ी एवं तिलोनिया के बीच हुआ जिसमें तिलोनिया विजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में 19 वर्ष वर्ग में पहला मैच रूदलाई एवं कायड़ के बीच हुआ।

विद्यालयों में अवकाश घोषित

अजमेर, (कासं)। अत्यधिक बाढ़ एवं बारिश की सम्भावना को देखते हुए अजमेर जिले के विद्यालयों में 12 सितम्बर को अवकाश घोषित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट लोक बन्धु ने बताया कि मौसम विभाग एवं अन्य अभिकरणों द्वारा अजमेर जिले के लिए अत्यधिक बारिश एवं बाढ़ की सम्भावना का अलर्ट जारी किया गया है। विद्यार्थियों को सम्भावित अनहोनी घटना से बचाने एवं व्यापक विद्यार्थी हित और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के कक्षा प्रथम से 12वीं तक के समस्त विद्यार्थियों के लिए 12 सितम्बर को पूरी तरह से अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। विद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ द्वारा यथावत कार्य किया जाएगा।

महर्षि दधीची जयंती पर शोभायात्रा निकाली

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। दाधीच समाज की और से महर्षि दधीची जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सिंधी समाज सहित अन्य समाज व संस्थाओ ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दाधीच महिला मण्डल, दाधीच समाज समिति ने सहयोग किया। समाज अध्यक्ष शशि प्रकाश रतावा, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश माण्डोल्या, बृजेश डेरोल्या, मनोज खटोड की मौजूदगी में पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा शुरू हुई। शोभा यात्रा में नयनाभिराम झांकिया, बेंड, ढोल, बग्गी, भजन कीर्तन आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान ओमप्रकाश तिवाडी, सुशील दाधीच, सत्यप्रकाश दाधीच, राधेश्याम दाधीच, राकेश दाधीच, रामस्वरूप तिवाड़ी, रामनिवास रतावा, ओमप्रकाश रतावा, राष्ट्रीय महामंत्री मनमोहन बिसावा, प्रदीप व्यास, श्यामसुंदर खटोड, प्रताप नारायण, दिवाकर, प्रेमसागर शर्मा, अरविन्द, राकेश, संजय, कैलाश नुवाल, किशन गोपाल, नारायण डेरोल्या, महिला मण्डल से सुशीला, मधु रतावा, मोनिका बिसावा, रुपाली, अभिलाषा दाधीच, दुर्गा बणभोटा, बालमुकन्द, सविता कुम्भ्या, कमलेश खटोड, उर्मिला, नितु तिवाड़ी सहित सैकड़ो समाज बंधु मौजूद रहे।

सिंधी समाज व संस्थाओ ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

NAME CHANGE

I, PRATIMA SINGH is Mother of Army No. 14685022F Rank:- HAV, Name:- ANIL KUMAR SINGH Residing at Vill:- JAUSARA Post:- BHATOLI Teh:- SADAR, Dist:- MIRZAPUR State:- U.P Pin:- 231001 have change my DOB from 04/03/1971 to 01/01/1968 vide Affidavit No.BW 150852 Dated 11/09/2024 before Court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army No. 14685022F Rank:- HAV, Name:- ANIL KUMAR SINGH Residing at Vill:- JAUSARA Post:- BHATOLI Teh:- SADAR, Dist:- MIRZAPUR State:- U.P Pin:- 231001 have change my Daughter's name from TRIPTE SINGH to TRIPTI SINGH vide affidavit No.BW 150850 Date 11-09-2024 before court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, TRIBHUWAN SINGH is Father of Army No. 14685022F Rank:- HAV, Name:- ANIL KUMAR SINGH Residing at Vill:- JAUSARA Post:- BHATOLI Teh:- SADAR, Dist:- MIRZAPUR State:- U.P Pin:- 231001 have change my Name from TRIBHUWAN SINGH to TRIBHUVAN SINHH & DOB from 12/08/1967 to 01/01/1960 vide Affidavit No.BW 150851 Dated 11/09/2024 before Court campus Nasirabad

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रेमलता पाडलेचा पत्नि जोहरी लाल पाडलेचा निवासी महावीर कॉलोनी बिजय नगर जिला ब्यावर का खरीद शुदा आवासीय भूखंड संख्या 10 वाके खसरा नंबर 871 में अवस्थित सुंदर विलास ग्राम बरल दोयम तहसील बिजयनगर स्थित है। इसके मूल दस्तावेज कहीं गिर गए हैं जिसकी ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है जिसके एलआर नंबर 2392065/2024 है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज मिले लौटाने का कष्ट करें।

भवदीय
एडवोकेट दिनेश कुमार रांका
बिजयनगर जिला ब्यावर
मो नं 982 943 4332

आम सूचना

मेरी माता छोटी पत्नि सुलेमान जाति तेली (मुसलमान) की मृत्यु दिनांक 1-5-2003 को मेरे निवास स्थान आकोडिया में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्दाज ग्राम पंचायत आकोडिया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता छोटी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- मुन्ना पुत्र सुलेमान खां जाति तेली
निवासी आकोडिया तह. अरांई (अजमेर)

आम सूचना

मेरी माता नरबदा पत्नि प्रेमनाथ जाति जोगी निवासी गुजरवाडा की मृत्यु दिनांक 3-1-2011 को मेरे निवास स्थान गुजरवाडा में हो गई थी। जिसका पूर्व में ग्राम पंचायत झीरोता में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता नरबदा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- दुर्गानाथ पुत्र प्रेमनाथ जाति जोगी
निवासी ग्राम गुजरवाडा तह. अरांई (अजमेर)

'जीवन में संतोष को धारण करना ही उत्तम शौच धर्म है'

अजमेर, (कासं)। श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र जैन नगर नाकामदार अजमेर में पर्वराज दशलक्षण महापर्व दिनांक 08 सितम्बर से 17 सितम्बर तक समाज बन्धुओं द्वारा पूर्ण भक्तिभाव से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

मंत्री विनीत कुमार जैन ने बताया कि पर्वराज दषलक्षण महापर्व पर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की सुयोग्य शिष्या बाल ब्र. बहन कल्पना दीदी व बाल ब्र. बहन सुलोचना दीदी का मंगल सानिध्य प्राप्त हो रहा है। आज पर्युषण पर्व का चतुर्थ दिवस है, जो उत्तम शौच धर्म के रूप में मनाया गया। शौच अर्थात् सुचिता एवं पवित्रता है। आत्मा के परिणामों अर्थात् विचारो तथा अभिप्राय में सुचिता होना ही शौच है।

सुचिता आत्मा के श्रृद्धान के साथ होती है। कोई वस्तु जो अपनी नहीं है उसे अपना नहीं मानना एवं जो मिल नहीं सकती है उसके बारे में नहीं सोचना ही शौच धर्म है। संतोष अमृत है व तृष्णा विष है। मोक्ष कल्याण के अवसर पर मुख्य निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य विरेन्द्र कुमार नमन कुमार ठकुरिया बाडमेर वालो को तथा अन्य विशेष निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य अशोक कुमार अविनाश कुमार जैन साहबजाज, अनिल कुमार रोबिन कुमार रिकेश कुमार रौनक कुमार कार्तिक जैन पांड्या, संदीप कुमार मोहन कुमार राहुल कुमार रवि जैन पचगइयाँ, राकेश कुमार उम्मेद कुमार अंकित कुमार जैन नायक (केलवा वाले), सुरेशचंद खेमचंद सागर कुमार जैन कुहेले परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की श्रृंखला में आज चतुर्थ दिन प्रातः 6 बजे से जिनाभिषेक/शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी सुभाषचंद जी रोहित कुमार जैन दनगसिया, श्रावक श्रेष्ठी प्रमोद कुमार धर्मेंद्र कुमार भूपेंद्र कुमार पुष्पेंद्र कुमार जैन पुनविया, श्रावक श्रेष्ठी लोकमन जी विनोद कुमार सुदीप कुमार सम्यक जैन कुहेले परिवार को प्राप्त हुआ।

सहायक उप निरीक्षक जमानत पर रिहा

अजमेर, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शोभा मेहता ने पचास हज़ार की रिश्वत के मामले में गिरफ्तार सहायक उप निरीक्षक की जमानत अर्जी स्वीकर करते हुए जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक सहायक उप निरीक्षक नंद भंवर सिंह को स्पेशल यूनिट जयपुर एसीबी की टीम ने लष्मी कांत शर्मा की शिकायत पर ट्रेप कर गिरफ्तार किया था परिवादी ने एसीबी परिवाद में बताया कि एक मुकदमा संख्या 144/24, 420, 406 ईपीसी अलवर गेट में दर्ज था, जिसमे अनुसंधान अधिकारी एएसआई नंद भंवर सिंह था, परिवादी ने आरोप लगाया कि उक्त मुकदमे में अन्य धारा जोड़ने की एवज में नदं भंवर सिंह ने एक लाख रुपये की डिमांड की थी, जिसमें पचास हजार रुपये सहायक उप निरीक्षक नंदभंवर सिंह पूर्व में प्राप्त कर चुका था और उक्त शिकायत पर नंद भंवर सिंह को स्पेशल यूनिट एसीबी जयपुर ने गिरफ्तार किया था, आरोपी नन्द भंवर सिंह की ओर से पैरवी एडवोकेट रविन्द्र सिंह चूंडावत व एडवोकेट ब्रजेन्द्र राठौड़ ने की।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान राइफल शूटिंग का आयोजन

अजमेर, (कासं)। खेल जगत में भारत की बढ़ती ताकत और अपार सफलताओं ने जहां एक और पूरे विश्व को चौंकाया है वहीं ऐसे माहौल ने युवा पीढ़ी को खेलों के मैदान की ओर आकर्षित किया है। एक लंबे अंतराल में ओलंपिक खेलों की पदक तालिका में भारत का नाम तेजी से ऊपर बढ़ रहा है। हाल ही ओलंपिक एवं अनेक अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भारत को मिली सफलताएं इसका उदाहरण है। खेल अब सामान्य मान्यताओं से बाहर निकल कर प्राथमिकता के साथ आम जीवन में जगह बना रहे हैं।

चंद्रवरदाई नगर स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित चार दिवसीय 10वीं अखिल भारतीय सम्राट पृथ्वीराज चौहान राइफल शूटिंग के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के पूर्व सदस्य कंवल प्रकाश किशनानी ने देश भर से आए राइफल शूटरों को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब युवा पीढ़ी देश की बढ़ती खेल शक्ति का हिस्सा बनते हुए इसे और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी सफलता पर अभिमान नहीं करना चाहिए साथ ही पराजय पर निराश होने की जगहन पराजय से सीख लेते हुए पुनः सफलताओं को अर्जित करने के लिए समर्पित भाव से कर्म प्रयास करें।10 मीटर एयर राइफल एनआर चौंपियंस ऑफ चौंपियंस में प्रथम दौलत शक्तावत, द्वितीय निहारीका अग्रवाल, तृतीय सरोज प्रजापति, 10 मीटर एयर पिस्टल एनआर चौंपियंस ऑफ चौंपियंस में प्रथम सागर तोमर, द्वितीय मनीष, तृतीय रिषभ रहे। समारोह के विशिष्ट अतिथि पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर के प्रशिक्षक अनिल जाखड़ ने कहा कि देश में पिछले कुछ वर्षों से खेलों में अपार सुविधाओं का अंबार लगा है।

- **पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न**

68 वी जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन समारोह

कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविंद कंवर राणावत ने की

शाहपुरा, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय , तहनाल में बुधवार को 68 वी जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने पहुँच कर खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविंद कंवर राणावत सरपंच उपस्थित रही।ज़िला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यक्रम में पहुँच कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी प्रतिभाओं में निखार लाने को प्रोत्साहित किया।

ज़िला कलेक्टर शेखावत ने जीवन में तंदुरस्ती के महत्व को बताते हुए खेल को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के सकारात्मक परिणामों के बारे में चर्चा की तथा स्वस्थ्य एवं तंदुरुस्त शरीर के प्रभाव से तेज़ मस्तिष्क होने के फ़ायदो के बारे में वहाँ उपस्थित खिलाड़ियो को बताया ज़िला कलेक्टर शेखावत ने सीमित संसाधनों में शानदार आयोजन के लिए विद्यालय कमेटी व ग्राम वासियों की प्रशंसा की तथा विद्यालय में शौचालय की समस्या का तत्काल निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रहलाद तेली की देखरेख में सफल संचालन किया गया। मुख्य निर्णायक शंकर सिंह राठौड़ ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा प्राचार्य ने इस जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ग्राम वासियों के बढ़-चढ़कर सहयोग करने व आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक इकबाल खान कामखानी व बालिका विद्यालय के संस्था प्रधान मुकेश कुमावत ने किया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित शर्मा , विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति प्रधान माया जाट ,भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण कुमावत एडवोकेट रामस्वरूप गुर्जर , शंकर सिंह गुर्जर , एडवोकेट निर्पेंद्र सिंह एवं सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर संबोधित करते हुए

- **राउमावि तहनाल में हुआ आयोजन , ज़िला कलेक्टर ने खिलाड़ियो का किया उत्साह वर्धन**

व्यापारी के खाते से उड़ाए 5.93 लाख रुपए

अजमेर, (कासं)। एक ओर जहां एसपी द्वारा साइबर जागरुकता अभियान चलाकर साइबर क्राइम के प्रति जागरुक कर रहे हैं तो वहीं दूसरी साइबर ठग आए दिन ठगी की वारदातें अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को सामने आया है। शातिर ठग ने शहर के एक व्यापारी के खाते से 5 लाख 93 हजार रुपए निकाल लिए। पीडित व्यापारी ने साइबर थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने धोखाधड़ी सहित साइबर अपराध की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाने के एसआई मनीष सिंह चारण ने बताया कि मनीष कुमार चतुर्वेदी ने मुंबई से ट्रांसपोर्ट के जरिए माल मंगवाया था। समय पर माल न पहुंचने पर उसने गूगल सर्च कर ट्रांसपोर्ट कंपनी की जानकारी निकाली और दिए गए नंबर पर संपर्क किया।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक/न.प.कि/भूमि/2024/180 दिनांक: 20-08-2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेन्द्र कुमार सोनी पुत्र प्रभु दयाल वर्मा निवासी छीपों का मोहल्ला नया शहर किशनगढ़ जिला अजमेर ने नामहस्तान्तरण हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 185.75 वर्गगज का छीपों का मोहल्ला नया शहर किशनगढ़ में है जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है-

पूर्व में - आम रास्ता पश्चिम में - खटीकजी का मकान
उत्तर में - किशनजी का मकान दक्षिण में - आम रास्ता

उक्त सीमा मध्य स्थित नामहस्तान्तरण किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नहीं होगा। अतः सूचित रहे। प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/नामा./2024/2952 **आम सूचना** दिनांक : 10.9.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
79	महेन्द्र कुमार पुत्र नौरतमल पोखरणा	आबादी क्षेत्र पुराना पावर हाउस मार्ग- औद्योगिक क्षेत्र बिजयनगर आबादी प्लॉट	106.602 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण.स्वी./2024/2961 **आम सूचना** दिनांक : 10.9.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
81	सरोज आरटिया पत्नि सुखदेव आरटिया	नाकोडा विहार, बिजयनगर ख.सं. 281/2, 282, 283/2, 284/2 भू.सं. 34	167.28 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर

क्रमांक: 954 दिनांक: 11-09-2024

जाहिर आम सूचना

आवासन संख्या 2/156 पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 91.500 व.मी. मूल आवंटी श्रीमती जानकी भम्भानी पत्नि श्री हरीश चन्द को आवंटित कर दिनांक 20.01.1998 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती जानकी भम्भानी पत्नि श्री हरीश चन्द द्वारा दिनांक 17.02.2007 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। श्रीमती जानकी भम्भानी पत्नि श्री हरीशचन्द के जरिये मुख्तयारनामा आम के श्री सुनील बुटाणी पुत्र श्री वीरूमल बुटाणी को बेचान कर दिया गया। श्री सुनील बुटाणी पुत्र श्री वीरूमल बुटाणी ने आवास का बेचान श्रीमती निर्मला ठाकुर पत्नि श्री सुन्दर ठाकुर को दिनांक 14.06.2012 को बेचान कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती निर्मला ठाकुर पत्नि श्री सुन्दर ठाकुर के पक्ष में नामान्तरण के आदेश दिनांक 02.09.2020 को जारी किये गये। श्रीमती निर्मलाठाकुर पत्नि श्री सुन्दर ठाकुर द्वारा आवास का बेचान श्रीमती उमा लीलारामानी पत्नि स्व. श्री लक्षमणदास लीलारामानी को दिनांक 02.08.2024 को कर दिया गया है, जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 922 में पृष्ठ संख्या 75 क्रम संख्या 2024030021087 30 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3686 के पृष्ठ संख्या 1255 से 1266 पर दिनांक 02.08.2024 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती उमा लीलारामानी पत्नि स्व. श्री लक्षमणदास लीलारामानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री श्रीमती उमा लीलारामानी पत्नि स्व. श्री लक्षमणदास लीलारामानी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर

क्रमांक: 917 दिनांक: 05-09-2024

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/17-जे नाका मदार अजमेर श्री सुरेश चन्द पुत्र श्री पातीराम को आवंटित कर दिनांक 04.03.1991 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री सुरेश चन्द पुत्र श्री पातीराम ने आवास का बेचान श्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र श्री र मेश्वर लाल शर्मा को कर दिया गया। श्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर लाल शर्मा ने आवास का बेचान श्री विजय पुत्र श्री ज्ञानचन्द लालवानी को कर दिया गया। श्री विजय पुत्र श्री ज्ञानचन्द लालवानी ने आवास का बेचान श्रीमती ललिता पत्नी श्री मांगीलाल बैरवा को कर दिया गया। श्रीमती ललिता पत्नी श्री मांगीलाल बैरवा ने आवास का बेचान श्रीमती हेमलता चौहान पुत्री श्री मंगल सिंह चौहान को कर दिया गया। श्रीमती हेमलता चौहान पुत्री श्री मंगल सिंह चौहान ने आवास का बेचान जरिए इकरारनामा, मुख्तारनामा, वसीयतनामा के श्रीमती विमला ताकवानी पत्नी श्री भगवान दास ताकवानी को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती विमला ताकवानी पत्नी श्री भगवान दास ताकवानी के पक्ष में नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र के आदेश दिनांक 31.01.2023 को जारी किये गये। श्रीमती विमला ताकवानी पत्नी श्री भगवान दास ताकवानी द्वारा दि. 14.03.2023 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात् श्रीमती विमला ताकवानी पत्नी श्री भगवान दास ताकवानी ने आवास का बेचान श्रीमती सुनीता सेन पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार सेन को दिनांक- 11.01.2024 को कर दिया गया। जोकि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द सं. 2223 में पृष्ठ सं. 139 क्रम सं. 202403001100213 पर पंजीबद किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक सं. 01 जिल्द सं. 5887 के पृष्ठ सं. 1 से 12 पर दिनांक- 11.01.2024 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती सुनीता सेन पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार सेन ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैन